डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 270 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 16 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया

श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म. प्र.) 07422-490333

## चक ब्लाक में सड़क नहीं, रेंगते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची महिलाएं

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ज़िले की सुठोली पंचायत के ग्राम चक ब्लाक के ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर अनोखा विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को गांव की दर्जनों महिलाएं मूलभूत सुविधा की गुहार लगाने कलेक्टर की जनसुनवाई में घुटनों के बल रेंगते हुए कार्यालय तक आई और अपनी पीड़ा का मांग-पत्र सौंपा।

ग्रामवासियों के अनुसार चक ब्लाक की आबादी लगभग 687 है। जिसमें अधिकांश आदिवासी एवं एससी समुदाय के लोग रहते हैं। यह गांव लगभग 200 वर्ष पुराना है तथा डीकेन-रामनगर-सुठोली से कनेरा जाने वाले मुख्य मार्ग से उत्तर दिशा में स्थित है। गांव तक पहुचने वाला रास्ता पूरी तरह कच्चा है, जो बारिश के मौसम में कीचड़ और फिसलन से जानलेवा बन जाता है। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत प्रतिनिधियों, तहसीलदार और कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिए। लेकिन, आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधि यह कहकर टाल देते हैं कि चक ब्लाक राजस्व ग्राम नहीं है, इसलिए कोई सुविधा नहीं दी जा सकती। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नाराज़ ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर गांव में सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो समस्त ग्रामवासी नीमच-सिंगोली मार्ग पर दूधतलाई रोड पर चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों की यह चेतावनी और महिलाओं का अनोखा विरोध प्रशासन के लिए एक गंभीर संदेश है कि अब गांववाले अपने हक को लेकर जागरूक हो चुके हैं और संघर्ष के लिए तैयार हैं।



## तेईस पेटी शराब जप्त, एक गिरफ्तार

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आबकारी विभाग ने ग्राम गुदियाना स्थित एक मकान 23 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब एवं बीयर जप्त की है। बरामद शराब की कीमत करीब 87 हजार रुपए बताई जा रही है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग ने बताया कि सूचना मिलने पर नैनसिंह पिता ओंकारलाल गुर्जर निवासी गुदीयाना के मकान में दबिश दी गई। यहां से चौदह पेटी पावर बियर की केन, दो पेटी ऑफिसर च्वाइस व्हीस्की, चार पेटी देशी शराब प्लेन और तीन पेटी देशी शराब मसाला जब्त की गई है।

# ई केवायसी से पकड़ में आया फर्जीवाड़ा..!

### फर्जी तरीके से निकल रहा था छह हजार लोगों का राशन

### * विभाग ने तैयार की सूची, नाम हटाने की हुई कार्रवाई * अंतिम तारीख गुजरी, अभी भी 70 हजार की नहीं हुई ई केवायसी

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जिले के कई हितग्राहियों के यहां न होने या फिर मृत्यु हो जाने के बाद भी उनके नाम से राशन जारी हो रहा था। यह खुलासा हितग्राहियों का सत्यापन व ई-केवायसी कराए जाने के बाद हुआ है। अब तक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने छह हजार से अधिक ऐसे हितग्राहियों के नाम सूची से हटाने की कार्रवाई की है। सत्यापन व ई-केवायसी का कार्य अभी भी किया जा रहा है, आगे भी ऐसे कई ऐसे नाम आने की संभावना है। जिनके नाम से राशन तो जारी हो रहा है, लेकिन भौतिक रूप से वह यहां मौजूद नहीं है। वहीं अब तक ई-केवायसी न कराने वाले हितग्राहियों को राशन के लाभ से वंचित कर दिया गया है। शेष हितग्राहियों ने 15 जुलाई तक ई-केवायसी करवाना जरुरी था। लेकिन, जिले में लगभग 93 प्रश ई केवायसी ही हो पाई है। उल्लेखनीय है कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आधार कार्ड से समग्र आईडी को लिंक कराया जा रहा है। इस दौरान उन हितग्राहियों को भी चिन्हित किया जा रहा है जो या तो बाहर चले गए हैं या फिर उनकी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद भी उनके नाम से राशन जारी हो रहा है।**

जिले के 09 लाख 92 हजार 720 हितग्राहियों में से लगभग 60 हजार हितग्राहियों को ई-केवायसी न कराने पर राशन वितरण में रोक लगा दी गई है। इन्हें फिलहाल राशन वितरण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। ई-केवायसी से छूटे हुए इन हितग्राहियों को 15 जुलाई तक हर हाल में ई-केवायसी करवाने की आखिरी तारीख थी। अब ई-केवायसी न होने की स्थिति में इनका नाम भी सूची से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार शेष हितग्राहियों मे से लगभग जिले में 07 प्रतिशत हितग्राहियों ने ई-केवायसी कराई है। लेकिन इन्हें भी अभी राशन वितरण योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अभी तक राशन वितरण को लेकर शासन स्तर से कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं।

#### परिजन अंगूठा लगाकर ले जाते थे राशन...

मिली जानकारी के अनुसार जिन हितग्राहियों के नाम राशन कार्ड में जुड़े थे उनमें से कई लोग बाहर चले गए हैं या फिर उनकी मृत्यु हो चुकी है, कुछ परिवारों में बेटियों की शादियां हो चुकी है। लेकिन, उनका नाम सूची से नहीं हटवाया गया। परिवार का कोई एक सदस्य अंगूठा लगाकर सभी सदस्यों के नाम से राशन ले जाते है। इस वजह से हितग्राहियों की जानकारी नहीं मिल पाती थी। इसे लेकर ही हितग्राहियों का सत्यापन व ई-केवायसी का कार्य कराया जा रहा है। बता दे कि सरकार प्रति सदस्य तीन किलो गेहूं ओर दो किलो चावल राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राही को देती है।





#### अब तक 06 हजार नाम आए सामने...

एक साथ दो जगह नाम, जिले से बाहर जाने वाले या फिर हितग्राही की मौत हो जाने के बाद भी उनका नाम राशन कार्ड से विलोपित नहीं कराया गया। उनके नाम से बकायदा राशन लिया जा रहा था। इसका खुलासा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा कराए गए सत्यापन व ई-केवायसी से हुआ है। अब तक लगभग छह हजार ऐसे हितग्राही सामने आए हैं, जिनके नाम से राशन का लाभ लिया जा रहा था। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इन नामों को सूची से हटाने की कार्रवाई की है। हितग्राहियों के सत्यापन की कार्रवाई अभी चल रही है, ऐसे में और भी नाम सामने आने की संभावना है।

वरिष्ठ पत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या मामले में फर्जी दस्तावेज पेश कर जमानत लेने वाली सलोनी अरोरा को...

## मल्हारगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर इंदौर क्राइम ब्रांच को सौंपा

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठपत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या केस में फर्जी दस्तावेज पेश कर जमानत लेने के मामले में फरार सलोनी अरोरा को मल्हारगढ़ पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया, जिसे इंदौर क्राइम ब्रांच को सुपुर्द कर दिया। इस मामले में फर्जी जमानत देने वाला आरोपी केदार डाबी भी इंदौर पुलिस गिरफ्त में आ चुका है। जानकारी के मुताबिक इंदौर में वरिष्ठपत्रकार कल्पेश याग्निक आत्महत्या केस की आरोपी नीमच निवासी सलोनी अरोरा पर फर्जी जमानत लेने के मामले में धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में इंदौर में केस दर्ज है। इंदौर क्राइम ब्रांच सलोनी की तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच मंगलवार को दोपहर सलोनी की लोकेशन मल्हारगढ़ क्षेत्र में होने पर इंदौर क्राइम ब्रांच ने मल्हारगढ़ पुलिस को सूचित किया। मल्हारगढ़ टीआई राजेन्दकुमार पंवार ने जिस कार में सलोनी सवार थी, उसका पीछा किया। हाइवे पर मल्हारगढ़ से आगे हर्कियाखाल के निकट दोपहर 1 बजे करीब सलोनी को पकड़ लिया व थाने पर ले आए। मल्हारगढ़ टीआई पंवार ने बताया चूंकि मामला थाना क्षेत्र का नही था, इसलिए ज्यादा जानकारी नही है, केवल सलोनी को पकड़ने के लिए सूचना थी, जिसे पकड़कर इंदौर पुलिस के सुपुर्द किया है।

**यह है पूरा मामला:**–जुलाई 2018 में सलोनी अरोरा द्वारा ब्लेकमेल कर पांच करोड़ रुपए मांगने पर वरिष्ठ पत्रकार कल्पेश याग्निक ने आत्महत्या कर ली थी। उस समय सलोनी पर केस दर्ज हुआ था, इसके बाद उसे जमानत मिल गई थी। यह केस अभी भी जिला कोर्ट में ट्रायल पर है, लेकिन अब सलोनी फर्जी कागज से जमानत लेने में घिरी है और इसमें उसके साथ ही जमानतदारों पर भी क्राइम ब्रांच इंदौर ने केस दर्ज किया है। 15 जुलाई की आधी रात को कल्पेश के भाई नीरज याग्निक की शिकायत पर जांच कराने के बाद यह केस दर्ज किया है। इसमें आरोपी सलोनी आरोरा के साथ ही जमानतदार केदार डाबी पिता मनीराम डाबी निवासी सिमरोल और मधु श्रीवास्तव पति राजेश श्रीवास्तव, 13 ए आनंद नगर इंदौर है। इन पर आईपीसी की धारा 115, 120 बी, 420, 465, 466, 467, 470, 471 और 474 में केस हुआ है। कुल दस धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सलोनी आरोरा ने कल्पेश याग्निक के आत्महत्या, ब्लैकमेलिंग वाले केस में जमानत के लिए पहले डिंपल पित संजय अरोरा की जमानत पेश कराई, लेकिन बाद में उन्हें बदलते हुए केदार डाबी से जमानत पेश कराई। यह जमानत 3 जनवरी 2024 को पेश हुई और केदार डाबी के शपथपत्र को मधु श्रीवास्तव ने सही बताया, उनकी भी इसमें भूमिक संदिग्ध मानी गई है। नीरज याग्निक ने केदार डाबी के खिलाफ हाईकोर्ट में चले एक केस और इसमें 2022 में हुए एक आदेश का हवाला दिया और बताया कि केदार डाबी तो पेशेवर तरीके से जमानत देने वाला आदतन अपराधी है और इसके खिलाफ हाईकोर्ट ने भी टिप्पणी की है। फर्जी जमानत देने में इस पर केस भी चल रहे हैं। सलोनी ने अपनी जमानत के लिए केदार डाबी को बोला और उसने फर्जी ऋण पुस्तिका को .... **शेष पेज 4 पर**

## महिलाओं के लिए मुफ्त ई-रिक्शा सेवा

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर में लायंस क्लब प्लेटिनम ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए मुफ्त ई-रिक्शा सेवा शुरू की है। विजय टॉकीज चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में दो ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सेवा पूरे साल चलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित यात्रा सुविधा प्रदान करना है।

बताया गया है कई-रिक्शा शहर के किसी भी स्थान से दूसरे स्थान तक महिलाओं को पहुंचाएंगे। शहर के कई इलाकों में सार्वजनिक परिवहन की कमी है। इस कारण महिलाओं को अकेले आने-जाने में असुविधा होती है। यह सेवा इस समस्या का समाधान करेगी। लायंस क्लब प्लेटिनम ने शहरवासियों से इस सेवा का लाभ उठाने और इसे सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## इनकम टेक्स की कार्रवाई रतलाम में, शामगढ़ में हड़कम्प

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आयकर विभाग इंदौर की टीम पहली बार रतलाम में पहली बार कर सलाहकार के यहां पहुंची और दस्तावेज खंगाले। कार्रवाई सोमवार सुबह से शुरु हुई। जो देर शाम तक चलती रही। पांच वाहनों में इनकम टेक्स विभाग के एक दर्जन से ज्यादा अफसर कर सलाहकार और कंसल्टेंट सुरेश गुप्ता एंड कंपनी के बैंक कॉलोनी स्थित घर पहुंचे और सर्चिंग शुरू की। इसके बाद न्यू रोड स्थित दफ्तर खुलवाया। यहां अफसरों ने फाइलें और उनके द्वारा दाखिल किए गए रिटर्न जांचें। साथ ही गुप्ता एंड कंपनी द्वारा क्लाइंट को दिलाया गया रिफंड सही है या नहीं, इसमें कोई गड़बड़ी तो नहीं है, इसकी जांच की। जांच के बाद 1-2 दिन में स्थिति स्पष्टहोने की उम्मीद है। रतलाम में पहली बार टैक्स कंसल्टेंट के यहां इनकम टैक्स विभाग ने सर्चिंग की है।

पहले विभाग का सर्वे व्यापारी और फर्मो के यहां होता रहा है। बता दे कि सुरेश गुप्ता और विजेंद्र गुप्ता शामगढ़ के मूल निवासी है। शामगढ़में भी कई प्रापर्टी में इनका निवेश है। इसके अलावा शामगढ के कई व्यापारियों के जीएसटी अकाउंट भी गुप्ता बंधु ही हैंडल करते हैं। रतलाम में कार्रवाई के बाद शामगढ के व्यापारियों में भी हड़कम्प मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार शहर में गुप्ता एंड कंपनी बड़ी फर्मों और व्यापारियों का आयकर और जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। विभाग के अधिकारी रिटर्न कैसे दाखिल किया, इसे चेक करने आए थे ताकि गड़बड़ी पकड़ में आ सके और इस आधार पर टेक्स निकाला जा सके। विभाग ने अन्य शहरों में भी टेक्स प्रोफेशनलों के यहां कार्रवाई की है। शहर में आई इंदौर की टीम के अफसरों ने कुछ बातचीत नहीं की ही है। है। जांच में क्या मिला और कौन से दस्तावेज देखे, इसका भी खुलासा अभी नहीं हुआ है।

## केले के पत्ते लपेट जनसुनवाई में पहुंचा युवक

### सरकारी जमीन पर कब्जे के विरोध में दिया था आवेदन, अब तक नहीं हुई सुनवाई

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कभी लौटन यात्रा तो कभी कुछ और नये-नये तरीके से जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर लोग पहुंचते रहे हैं। यह देखते हुए कलेक्टोरेट में जनसुनवाई के दौरान सख्ती करते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। लेकिन, इसके बाद भी लोग अपनी फरियाद पहुंचाने के अनौखे तरीके ढूंढकर ला रहे हैं।

इस बार कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार की जनसुनवाई में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। यहां दलौदा तहसील के लाला खेड़ा निवासी पन्नालाल सेन पूरे शरीर पर केले के पत्ते लपेटकर अपनी शिकायत लेकर पहुंचा। यह अनोखा प्रदर्शन किसी मज़ाक का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सजग नागरिक की सरकार को जगाने की कोशिश थी। श्री पन्नालाल का कहना है कि उन्होंने गांव की शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ सालभर पहले शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, आज तक न तो कोई कार्रवाई हुई न ही प्रशासन ने गंभीरता दिखाई। पन्नालाल बताते हैं कि जिस ज़मीन पर निजी धर्मशाला का निर्माण हो चुका है, वह सार्वजनिक संपत्ति है और उसका उपयोग गांव के हित के लिए होना चाहिए था। उनका कहना है कि जब कोई नहीं सुनता तो मजबूरी में ऐसा रास्ता अपनाना पड़ता है। पन्नालाल की व्यथा और संघर्ष साफ दर्शाता है कि नये-नये तरीके अपनाना मजबूरी है। यही कारण है कि उनके विरोध प्रदर्शन ने न केवल अधिकारियों का ध्यान खींचा, बल्कि वहां मौजूद हर व्यक्ति को सोचने पर मजबूर कर दिया।





## पुलिस का नशा विरोधी जागरुकता पखवाड़ा शुरू, कई आयोजन हुए



**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशे के गंभीर परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय अभियान मंगलवार से प्रारंभ हुआ। अभियान में 'नशे से दूरी है जरूरी' नशे के प्रति जन-जागरूकता अभियान का आयोजन प्रदेश के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में जिला मंदसौर में भी मंगलवार को पुलिस लाईन मंदसौर में नशे के प्रति जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ पुलिस कप्तान मंदसौर अभिषेक आनंद द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, अअपु मंदसौर श्रीमती किर्ती बघेल समेत जिले के अन्य अधिकारी/कर्मचारी समेत ग्राम/नगर सुरक्षा के पदाधिकारी, एनसीसी केडेट्स, विद्यालय के विद्यार्थी एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे। इस दौरान पुलिस द्वारा अभियान में उपस्थित जनों को नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलवाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात नशेसेदूरीहैजरूरी आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य हेतु मंदसौर पुलिस द्वारा शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहों से होते हुये पुन: पुलिस लाईन में समाप्त हुई। मंदसौर पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी विशेष जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत आगामी दिवसों में नशे के गंभीर दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु विभिन्न आयोजन किये जायेंगे।

मामला रिंगनोद थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ जप्ती का...

## भावगढ़ अस्पताल की जननी एक्सप्रेस में हो रही थी तस्करी, दो आरोपी रिमांड पर

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। जावरा अनुभाग की रिंगनोद थाना पुलिस ने जननी एक्सप्रेस से एमडी जब्त की थी। मामले में मंदसौर जिले के दोनों आरोपी दो दिन की रिमांड पर है। जांच में सामने आया है कि जिस जननी एक्सप्रेस से तस्करी हो रही थी, वह भावगढ़ सरकारी अस्पताल में अटैच थी। मामले में सीएमएचओ का कहना है कि प्राइवेट एजेंसी का टेंडर है। उन्हें अवगत कराया जाएगा।**

इन दिनो मादक पदार्थो के तस्कर नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। एम्बुलेंस को कोई रोकेगा या चेक नहीं करेगा, यह सोचकर मंदसौर जिले के दो युवको ने भावगढ़ अस्पताल में अटैच जननी एम्बुलेंस का सहारा लिया। किन्तु, रिंगनोद थाना पुलिस को मुखबीर से भनक लगी और उन्होंने 108 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस रोककर तलाशी ली। उसमें से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। आरोपी ड्राइवर और उसके साथी को गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज की। रतलाम पुलिस कप्तान अमित कुमार ने एम्बुलेंस से ड्रग्स तस्करी का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रिंगनोद थाना पुलिस ने रिंगनोद-कलालिया रोड पर माता मेलकी फंटे के पास नाकाबंदी की और दलौदा तरफ से आ रही एम्बुलेंस को रोका। उसके ड्राइवर ललित पिता ईश्वरलाल पाटीदार निवासी अंबिकानगर दलौदा और साथी ड्राइवर सुभाष पिता किशोरदास बैरागी निवासी कोटड़ा बहादुर थाना नाहरगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया। इनसे डेढ़ लाख रुपए कीमत की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की।

एसडीओपी संदीप मालवीय ने बताया कि आरोपी ललित पाटीदार व सुभाष बैरागी दोनों को सोमवार दोपहर जावरा कोर्ट में पेश किया। जहां से दो दिन का रिमांड मिला। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि ये दोनों एम्बुलेंस ड्राइवर हैं। कहां से किसके कहने पर ये ड्रग्स ली तथा किसे देने जा रहे। इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। पूरी चैन का पता करके बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार करेंगे। थाना प्रभारी आनंदसिंह आजाद ने बताया कि एम्बुलेंस को भी जब्त कर लिया है। ये हुसैन टेकरी तरफ होकर सीतामऊ क्षेत्र में किसी व्यक्ति को सप्लाई करने जा रहे थे। कार्रवाई के लिए गठित पुलिस टीम में शामिल टीआई व एसआई शिवेंद्र कुमार, संजय बोराना समेत टीम की सक्रिय भूमिका रही।

#### परिवहन, स्वास्थ्य, पुलिस की अनदेखी...

जिले में कई निजी एंबुलेंस न परिवहन विभाग, न स्वास्थ्य विभाग और न ही पुलिस विभाग के नियमों पर खरा उतर रही है। इसके बाद भी तीनों विभागों का अभयदान एंबुलेंस माफियाओं को मिला हुआ है। बड़े अस्पताल के बाहर हो या नईआबादी से लेकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हो रहे निजी नर्सिंगहोम हो। इनके बाहर निजी एंबुलेंस आसानी से हर समय दिख रही है। शहर में 50 से अधिक निजी एंबुलेंस सरपट दौड़ रही है। इनमें कुछ तो राजस्थान की ही है। उदयपुर जैसे बड़े शहरों में निजी नर्सिंग होम संचालक निजी वाहन फायनेंस कराकर इसे एम्बुलेंस का रूप देकर सौंप देते है। ऐसे में यहां से इन्हें मरीज को लेकर उन्हीं के वहां ले जाना होता है जिन्होंने वाहन दिलवाया है। हाल ही में ही बड़े अस्पताल के सिविल सर्जन ने अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस के आने पर रोक को लेकर कड़ा पत्र लिखा था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वही विगत दिनो भी कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ को इसकी शिकायत भी की गई है। लेकिन, अब तक कोई सख्त कदम जिम्मेदारों के द्वारा नहीं उठाया गया है।

#### इनका कहना...

जननी 108 एम्बुलेंस के टेंडर भोपाल स्तर से होते हैं। इनके कर्मचारी भी प्राइवेट एजेंसी के हैं। इसलिए पुलिस वेरिफिकेशन या अन्य कार्रवाई वहीं से चेक होती है। हमें अभी एम्बुलेंस में तस्करी की जानकारी पुलिस से नहीं मिली है। संबंधित एजेंसी और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाएंगे।

**जीएस चौहान**
**सीएमएचओ, मंदसौर**



# राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का शुभारंभ

**✱ मप्र के विभिन्न जिलों के कोच मास्टर रेफरी एवं ऑफिशल सम्मानित**
**✱ खरगोन जिले से सैनिक स्कूल की टीम भी भाग लेने पहुंची**

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयोजन में एवं जिला कराते एसोसिएशन मंदसौर के तत्वाधान में 5 वी राज्य स्तरीय फुल कॉन्टेक्ट कराते प्रतियोगिता शुभारंभ का आयोजन मंदसौर के मनमोहन वाटिका कौशल्या रिसोर्ट में हुआ। तीन दिवसीय आयोजित इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मां लक्ष्मी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया,, कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सभी कोच, मैनेजर, रेफरी एवं ऑफिशल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में सैयद आफताब आलम असलम खान, धवल कुमावत, यश हिरवे, सोनू मेघवाल, दीपेश गहलोत, कृष्ण गाड़िया, संदीप आर्य, तुषार गुर्जर, तुलसी बैरागी, असमा बी, आरती आर्य, दिव्यांश सोलंकी थे। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले की सैनिक स्कूल की टीम भी प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंची।

सभी अतिथियों ने प्रतियोगिता समिति को मंदसौर जिले में इतना बड़ा आयोजन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी, कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अध्यक्ष नरेंद्र धनोतिया, विशेष अतिथि जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग विजेंद्र देवड़ा, संस्था संरक्षक भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अनिल कियावत, डॉ. अजय व्यास अजय हॉस्पिटल के संचालक एवं मालवा क्षेत्र के प्रख्यात सर्जन, लायंस क्लब जॉन के चेयरमेन मंदसौर जिले के प्रख्यात सी ए विकास भंडारी, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मंदसौर व जिला पेंचक सिलेट के अध्यक्ष विजय कोठारी मंचासीन थे। प्रारंभ में अतिथियो का स्वागत सैययद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे, अशोक गहलोत, दुर्गेश बेलानी, यशवंत सिह राठौर, कमलेश डोसी, धर्मेन्द्र सिंह रानेरा, लीगल एडवाइजर दीनदयाल भावसार, हितेश सालवी आदि ने किया। स्वागत उद्बोधन संस्था के संरक्षक अनिल कियावत ने दिया। संचालन प्रतियोगिता संयोजक श्री गगन कुरील ने किया व आभार टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ने माना।

## जिले में अब तक औसत 372.1 मिमी वर्षा दर्ज

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 372.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 235 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जुन से इस वर्ष अब तक नीमच में 330.5 मि.मी., जावद में 433 मि.मी., सिंगोली में 479.1 मि.मी. एवं मनासा में 246 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 232 मि.मी.जावद में 239 मि.मी.एवं मनासा में 234 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जिले में 15 जुलाई 2025 को प्रात: 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 14.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में जावद में 20 मि.मी., मनासा में 18 मि.मी व सिंगोली में 21.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। नीमच में कोई वर्षा दर्ज नही हुई हैं।

## बेटी को पीटा, केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बेटी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने मां सहित दो के खिलाफ केस दर्ज किया। खात्याखेड़ी निवासी 18 वर्षीय नाबालिग बेटी ने मां परवीन व कचरुलाल मेघवाल ने मारपीट की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

# नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान में सभी विभाग सक्रीय सहयोग करें-चंद्रा

**नीमच में नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यशाला सम्पन्न**

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश शासन द्वारा 15 जुलाई से जिले में नशामुक्ति अभियान '' नशे से दूरी है जरूरी'' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी अपनी सक्रीय सहभागिता निभाएं। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की जागरूकता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर एस.पी. श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, सभी एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री चंद्रा ने निर्देश दिए, कि स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शिक्षण संस्थाओं के समीप तम्बाखू, गुटखा या ऐसी अन्य धूम्रपान सामग्री की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होने अधिकारियों को शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण कर, यदि ऐसी धूम्रपान सामग्री तंबाखू, गुटखा आदि का विक्रय होना पाए जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल, कॉलेजों के विद्यार्थियों को नशे की लत तथा नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने पुलिस मुख्यालय द्वारा नशामुक्ति अभियान के लिए निर्धारित किए गए 15 दिवस के प्रतिदिन के कैलेण्डर एवं प्रतिदिन जिले में आयोजित की जाने वाली जागरूकता गतिविधियों, कार्यक्रमों की जानकारी दी और सभी जिला अधिकारियों को नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग प्रदान करने का आव्हान किया। एस.पी. ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन करने में सहयोग प्रदान करने और विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित कर नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रीय सहयोग का आव्हान भी किया।

# खिड़की माता मंदिर क्षेत्र में मृत पशु फेंकने से पैदा हो रही है समस्याएं

**मजदूर कल्याण समिति ने नपा सीएमओ से मिलकर समाधान हेतु ज्ञापन दिया**

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मजदूर कल्याण समिति के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंदसौर को ज्ञापन देकर खिड़की माता क्षेत्र में खुले में मृत पशु फेंकने से आ रही समस्याओं के समाधान करने मांग की।



समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने सीएमओ को बताया कि यह खिड़की माता मंदिर क्षेत्र में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है यहां कुछ नागरिक खुले में मृत पशु फेंक रहे हैं जिससे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। मृत पशुओं के अवशेष पास की शिवना नदी में भी बह सकते हैं। यह प्रदूषित जल नगर पालिका के फिल्टर प्लांट तक पहुँच रहा है जिससे प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे पैदा हो सकते है। श्री परिहार ने सीएमओ से कहा कि खिड़की माता क्षेत्र में खुले में मृत जानवर फेंकने पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए। मंदिर और नदी से दूर कोई नया स्थान चिन्हित कर वहाँ पर मृत पशुओं के निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि नया स्थान तत्काल चिन्हित करना संभव न हो तो वर्तमान स्थान के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाई जाए तथा गौशालाओं के प्रबंधकों एवं पशुपालकों को चेतावनी देकर यह निर्देशित किया जाए कि मृत पशुओं का निपटान जमीन में गड्ढा खोदकर किया जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वे खुले में न फेंकें। आसपास की गौशालाओं और पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें इस विषय पर जागरूक किया जाए। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए नगर पालिका द्वारा टीम गठित की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समिति ने इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को भी संबंध में पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। इस अवसर पर समिति की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा चौहान, प्रदेश महामंत्री रेणुका रामावत, प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन लाल हाडा, रीना कहार आदि उपस्थित थे।

## खेत विवाद में तीन पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने मां-बेटे सहित 3 पर केस दर्ज किया। जमलावदा (छोटीसादडी) निवासी सुनील शर्मा ने पिपलिया पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं पिपलियामंडी स्थित बायपास मार्ग स्थित अपने खेत पर गया तो वहां ललित पिता ओमप्रकाश शर्मा, ललित की मां मुन्नीबाई व पत्नी आशाबाई आ गए। मेरे खेत में इन्होंने इनके नाम का बोर्ड लगा रखा था। मैंने कारण पूछा तो तीनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने तीनों के खिलाफ 296 (बी) 351 (3) 115 (2) 329 (3) 126 (2) 3(5) में केस दर्ज किया।

# भाग वाले प्लॉट पर निर्माण अनुमति न दिए जाने से जनता हो रही परेशान

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों नगर की जनता भाग वाले प्लाट पर निर्माण अनुमति के लिए नगर पालिका के चक्कर लगाकर परेशान होती दिखाई दे रही है और ऐसे में इन परेशान जनता की समस्या के समाधान हेतु किसी भी प्रकार के निराकरण की उम्मीद जनता को नहीं दिख रही है।

जनता की इस समस्या को लेकर आज भाजपा डॉ:यूमेंटेशन विभाग के जिला संयोजक मिथुन वप्ता ने नगर पालिका परिषद के सीएमओ एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनीता जी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।ज्ञापन देते हुए में मिथुन वप्ता ने बताया कि विगत कुछ समय से नगर पालिका द्वारा भाग वाले प्लॉटों पर भवन निर्माण की अनुमति नहीं दी जा रही है,जिससे इन प्लाटो पर बैंक द्वारा लोन सुविधा आमजन को नहीं मिल पा रही है।जबकि ये संपत्ति के भाग (हिस्से) के रूप में वैध रूप से क्रय किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन ने इस पर रोक लगा रखी है, जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ऐसे प्रकरणों में निर्माण स्वीकृति नहीं दे रहा है। इससे आम जनता, विशेषकर निम्न और मध्यम वर्ग के नागरिकों को बहुत बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन प्लॉटों को लोगों ने अपने जीवन की पूंजी लगाकर खरीदा है। कई नागरिकों ने भविष्य में घर बनाने की योजना के तहत इन हिस्सेदार प्लॉटों का क्रय किया था। अब जब वे घर बनाना चाहते हैं या बैंक से लोन लेना चाहते हैं, तो न तो उन्हें नक्शा पास किया जा रहा है और न ही किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण स्वीकृत हो पा रहा है। इससे आमजन को न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है।ऐसे भाग हिस्सेदार प्लॉटों पर निर्माण अनुमति न देने की नीति की तत्काल समीक्षा की जाए।साथ ही राज्य शासन को जनहित में एक स्पष्ट, व्यावहारिक और न्यायसंगत नीति लागू करने हेतु प्रस्ताव भेजा जाए।अत: जिन व्यक्तियों ने वैध रूप से हिस्सेदार प्लॉट खरीदे हैं, उन्हें भवन निर्माण अनुमति जल्द से जल्द प्रदान करने की प्रक्रिया आरंभ की जाए। इस अवसर पर भाजपा नेता जगदीश मंडवारिया, ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव नवनीत शर्मा, रणजीत जायसवाल उपस्थित थे।

# इनरव्हील क्लब ने अपना घर की बालिकाओं को राखी निर्माण का प्रशिक्षण दिया

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर अपना घर में सेमिनार आयोजित कर बालिकाओं को राखियां बनाना सिखाई। लगभग 25 बालिकाओं ने इसका प्रशिक्षण लिया। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस 15 जुलाई को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में इस दिन को युवाओं को रोजगार, अच्छे काम और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए घोषित किया था। श्रीमती अंशु श्रीमाल द्वारा बालिकाओं को कई तरह की राखियां एवं ब्रेसलेट बनाने का प्रशिक्षण दिया। क्लब की ओर से अपना घर की बालिकाओं को ब्रेसलेट दिए गए। श्रीमती अंशु श्रीमाल का क्लब की ओर से सम्मान किया गया। प्रारंभ में इनरव्हील प्रार्थना बिनु कीमती ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष लीला सोनी, सदस्य शशि झलोया, अल्पना सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन क्लब सचिव रचना दोषी ने किया तथा आभार आईएसओ मेजर उषा कुमावत ने माना।

# राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्र गरोठ का तहसील गरोठ में बूथ लेवल ऑफिसर का प्रशिक्षण शुभारम्भ

**गरोठ, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। राष्ट्री य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र 227 गरोठ अंतर्गत तहसील कार्यालय गरोठ के सभाकक्ष में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) एवं बीएलओ सुपरवाईजर का चार चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ को तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री करण अधिकारी श्रीमती किरण गेहलात द्वारा दीप प्रज्वलन और संबोधन के साथ किया गया।**

अपने उद्बोधन में श्रीमती किरण गेहलोत ने बीएलओगण से कहा कि 'भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सौंपे जाने वाले कार्यों को पूर्ण सजगता और सतर्कता के साथ पूरा करें।' उन्होंने त्रुटिरहित फोटोयुक्तो निर्वाचक नामावली पर विशेष बल दिया। विधानसभा स्तसरीय मास्टर ट्रेनर श्री चन्द्रपशेखर वाधवा व्दापरा पीपीटी, प्रोजेक्टयर, एलसीडी से बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में सहयोग हेतु मास्टधर ट्रेनर श्री टी.सी जंगिरिया, श्री मदनलाल जाटवा, श्री धिरेन्द्र। मिश्रा, श्री देवेन्द्र सिंह सिसोदिया भी उपस्थित रहे, जिन्होंने बीएलओ को गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं सुधार की प्रक्रिया सहित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। बूथ लेवल ऐजेन्टस से समन्वरय, फार्मो, बीएलओ एप आदि के संबंध में बारिकी से भलीभांती अवगत कराया गया। प्रशिक्षण को व्यवहारिक रूप देने हेतु बीएलओ ग्रुप द्वारा केस स्टडीज पर आधारित रोल प्ले भी किए गए, जिससे उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में कार्य की समझ हो सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात सभी बीएलओ का ऑनलाईन टेस्ट भी आयोजित किया गया, जिसमें बीएलओ को 30 प्रश्नम हल करने थे, जिससे उनके ज्ञान एवं प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को परखा गया। बीएलओ को समूहो में बांटकर रोल प्लेन एवं केस स्टजडी के जरिये व्यरवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# अभा दामोदर वंशीय नया गुजराती दर्जी समाज का निर्वाचन सम्पन्न

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अ.भा. दामोदर वंशीय नया गुजराती दर्जी समाज का अधिवेशन बाबा रामदेव मंदिर कचनारा जिला मंदसौर में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में समाज के मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात के समाजजन उपस्थित हुए। इस दौरान हुए निर्वाचन में अ.भा. दामोदर वंशीय नया गुजराती दर्जी समाज केराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कैलाश चौहान जग्गाखेड़ी पूर्व जिलाध्यक्ष सरपंच संघ को सर्वसम्मति से चुना गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए समाज के परामर्शदाता गोविन्द सिसौदिया, रमेश राठौर ने बताया कि समाज में पूर्व के रीतिरिवाज में बदलाव की जरूरत है। वर्तमान में समय के बदलाव को देखते हुए पगड़ी, गोरनिया जैसे कार्यक्रमों को सगे संबंधी और परिवार तक ही सीमित किया जाए। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चौहान ने उद्बोधन देते हुए कहा कि



समाज एकता, समाज में जनजागृति व शिक्षा पर जोर, आने वाले पीढ़ी के समाज का होस्टल, सामूहिक विवाह सम्मेलन, बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना जैसे कई समाज हित कार्यों हेतु हम प्रतिबद्ध है। शीघ्र ही मध्यप्रदेश, राजस्थान व गुजरात में कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा। इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठजन, युवा, मातृशक्ति सहित तीनों प्रदेश से आये समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिलीप चौहान नांदवेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन रमेश राठौर शामगढ़ ने किया।

## सीधे प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी प्रक्रिया शुरू

**पिपलियामंडी, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में खाली सीटों पर सीधे प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण शुरू कर दिया है। पिपलियामंडी महाविद्यालय में यह प्रक्रिया 16 जुलाई से शुरू हो चुकी है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने बताया कि कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में सीटें खाली हैं। इच्छुक विद्यार्थी हर दिन दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कर विकल्प चुन सकते हैं। इसके बाद दस्तावेज़ों का सत्यापन होगा। शाम 5 बजे से अगले 24 घंटे तक फीस जमा करने की सुविधा रहेगी। तय समय में फीस जमा नहीं करने पर अगले दिन फिर से विकल्प चुनना होगा। यह प्रक्रिया 31 जुलाई 2025 तक चलेगी। प्राचार्य श्रीवास्तव ने 12वीं पास उन विद्यार्थियों से अपील की है, जो अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं, कि वे जल्द कॉलेज आकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

## मनासा में विधायक मारू ने किया नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ



**नीमच/मनासा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मनासा में मंगलवार को विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित नशा मुक्ति अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी, का शुभारंभ किया। विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारु ने अपने उद्बोधन में नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए समाज में नशे से मुक्ति के लिए व्यापक जन जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने उपस्थित जनों से नशा मुक्त समाज निर्माण में अपना योगदान देने और भावी पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने का आव्हान किया। इस अवसर पर श्री अजय तिवारी एसडीम श्री पवन बारिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मनासा में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर नशामुक्त समाज निर्माण में योगदान देने और नशे से दूर रहने के संबंध में संदेश दिया।

## युवा संगम में 8 कंपनियों द्वारा 102 युवाओं को रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किया

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी श्री मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा युवा संगम शासकीय आईटीआई निपानिया मेघराज नयाखेडा बायपास मंदसौर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीआई में वृक्षारोपण के साथ किया गया। युवा संगम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, एलडीएम श्री संजय मोदी एवं जिला रोजगार अधिकारी, बैंकर्स, युवा मौजूद थे। युवा संगम में उपस्थित 8 कंपनियों द्वारा कुल 250 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन लिए गए। 198 युवाओं ने रोजगार हेतु आवेदन किया। पंजीकृत आवेदकों में से कंपनीयों द्वारा 102 युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। अप्रेंटिशिप हेतु उपस्थित 1 कंपनी द्वारा कुल 27 प्रशिक्षुओ का चयन किया गया। साथ ही अन्य शासकीय विभाग की स्वरोजगार योजनान्तर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्वरोजगार हेतु 18 लाख का कैश क्रेडिट लिमिट चेक लाभार्थी को वितरित किये गए एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा युवा उद्यम क्रांति योजनांतर्गत कुल 5 लाख का ऋण वितरण किया गया।

## गुरु बिन ज्ञान कहां...

**पत्र संपादक के नाम**
**संपादक की सहमति आवश्यक नहीं**

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गुरु पूर्णिमा अर्थात अंधकार से प्रकाश की और, अज्ञान से ज्ञान की और यात्रा और स्वाभिमान को जाग्रत कराने वाले परम प्रवर्तक के लिए नमन दिवस। जो हमे अपने आत्मबोध, आत्मज्ञान और आत्मगोरव का भान कराकर हमारी क्षमता के अनुरूप जीवन यात्रा का मार्गदर्शन करे वे गुरु हे। वे मनुष्य भी हो सकते हे कोई प्रतीक भी अथवा संसार में कोई अन्य प्राणी भी हो सकते हे। ज्ञान दर्शन कराने वाला कोई दृश्य भी हो सकता हे कोई घटना हो सकती हे अथवा कोई ग्रंथ या ध्वज जैसा भी कोई प्रतीक हो सकता हे। अपने इस ज्ञान दाता के प्रति आभार और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान से स्वयं के साक्षात्कार करने की तिथि हे गुरु पूर्णिमा। गुरु पूर्णिमा भगवान वेद व्यास की जन्मतिथि भी हे। इस अवसर पर सनातन काल से चली आ रही गुरु परंपरा एवम गुरुओ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती हे जिनके कारण ज्ञान निरंतर पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता चला आ रहा हे। युगो यूगो से ज्ञान की ज्योति जलाने वाले समाज व देश को मार्गदर्शन देने वाले गुरु का हम इस पवित्र अवसर पर स्मरण व पूजन करते हे। गुरु वह तत्व हे जो अज्ञान के स्वरूप में फैले अंधेरे को समाप्त कर के ज्ञान का दिव्य प्रकाश आलोकित करता हे। गुरु और शिष्य की जोड़ी तो सदियो से चली आ रही हे। जिस प्रकार से भक्त भगवान के बिना और भगवान भक्त के बिना अधूरे हे उसी प्रकार से एक शिष्य अपने गुरु के बिना और गुरु अपने शिष्य के बिना अधूरा हे। संत कबीरदास जी ने कहा हे की गुरु कुम्हार शिष्य कुंभ हे गड़ी गड़ी काढ़े खोट। अंतर हाथ सहार दे बाहर बाहे चोट। गुरु हमारे ज्ञान प्राप्ति के मार्ग में आने वाली आंतरिक तथा बाहरी बाधाओ को दूर करते हे साथ ही जो साधना में सहायक होते हे उसका पोषण करते हे। गुरु अपने शिष्य से उन सारी बातो का समर्पण करवाते हे जो ज्ञान प्राप्ति में बाधक होती हे और उन गुणो को अंगीकार करवाते हे जो ज्ञान प्राप्ति में सहायक होते हे। जिस तरह से बालक के जीवन को आगे बड़ाने का उत्तरदायित्व अभिभावको का होता हे उसी तरह व्यक्तित्व को गड़ने का कार्य गुरुजन करते हे। गुरु का अर्थ केवल शिक्षा देने वाला ही नही अपितु अलग अलग संदर्भो में माता पिता, सांसारिक और व्यवहारिक शिक्षा देने वाले शिक्षक अच्छा बुरा समझने में सहायता करने वाले मित्र भी गुरु ही होते हे। बिना गुरु की दिशा के व्यक्ति राह के पत्थर से अपना पैर चोटिल कर सकता हे जबकि गुरु की कृपा से विवेक व बुद्धि पाने वाला व्यक्ति उसी पत्थर को सीढ़ी बनाकर और ऊंचा उठने में उसका सहयोग ले लेता हे। मनुष्य को गुरु से प्राप्त ज्ञान व मार्गदर्शन का सदुपयोग परिवार, समाज एवम राष्ट्र की उन्नति के लिए करना चाहिए। इस पवित्र उद्देश्य में गुरु ही हे जो हमारा सहयोग कर सकते हे इसलिए जीवन में प्रत्येक श्रेष्ठ व्यक्ति से कुछ सीखिए उन्हे गुरु बनाइए और जीवन को अनंत ऊंचाइयों की और ले जाइए।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# दिव्यांग मुकेश मईड़ा को एक सप्ताह में मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति-कलेक्टर

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में की बालक हसन के तत्काल नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था**

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दिव्यांग मुकेश मईड़ा को एक सप्ताह में सहायक ग्रेड-3 के पद अनुकंपा नियुक्ति का आदेश प्रदान किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई में दिव्यांशग मुकेश मईड़ा के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी नीमच व प्रभारी अधिकारी स्था पना कलेक्टोरेट नीमच को दिए। जनसुनवाई में मुकेश मईड़ा ने शिक्षा विभाग में कार्यरत अपने पिता दलसिह मईड़ा की मृत्युी के उपरांत काफी दिनों से अनुकम्पा नियुक्ति नहीं मिलने पर अनुकंपा नियुक्ति दिलाने का अनुरोध कलेक्टर से किया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से प्रकरण की जानकारी लेकर एक सप्ताह में सभी कार्यवाही नियमानुसार पूरी कर श्री मुकेश मईड़ा को नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।




**बालक हसन का अरविंदो में होगा नि:शुल्क उपचार-**जनसुनवाई में कलेक्टर श्री चंद्रा ने सिंगोली निवासी समीर खान पिता बरकत हुसैन के आवेदन पर समीर के पुत्र हसन के ह्दय का उपचार अरविंदो इंदौर में नि:शुल्क करवाने की व्ययवस्था की गई है। समीर के पुत्र हसन का आर.बी.एस.के.तहत अरविंदों हास्पिटल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क दिल में छेद का आपरेशन करवाया गया था। परंतु आपरेशन होने के कुछ दिनों बाद हसन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगी। इस पर जनसुनवाई में समीर ने पुत्र के उपचार का कलेक्टर से अनुरोध किया। कलेक्टर श्री चंद्रा ने अरविंदो के प्रबंधक से चर्चा कर शिशु हसन को पुन: नि:शुल्क उपचार सुविधा उपलब्धं करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी हसन के उपचार के लिए अरविंदो में निरंतर फालोअप करने के निर्देश दिए। इस तरह जनसुनवाई में अपने नन्हे पुत्र हसन के उपचार की व्यवस्था हो जाने पर समीर व उसकी पत्नि खुशी-खुशी, कलेक्टर श्री चंद्रा को धन्यवाद देते हुए अपने घर सिंगोली रवाना हो गये। जनसुनवाई में चक ब्लाक (रामनगर, सुठोली) की महिलाओं ने कलेक्टर से गांव कनेरा में जाने वाले मार्ग पर कच्ची सड़क को दुरस्त करवाने और गांव में हर घर नल से जल योजना में शामिल करने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने पंचायत के माध्यम से सड़क निर्माण करवाने की बात कही और ग्रामीण महिलाओं को विश्वास दिलाया, कि गांधी सागर समूह प्रदाय योजना में उनका गांव, मजरा भी शामिल कर लिया गया है। उनके गांव के सभी घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। कोई भी घर छूटेगा नहीं। कलेक्टर श्री चंद्रा की समझाईश पर सभी ग्रामीण महिलाएं आश्वस्त होकर अपने घर को रवाना हो गई।

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में 129 आवेदकों की सुनी समस्याएं-**कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 129 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एसडीएम श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेड़े, श्री राजेश शाह, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिह धार्वे, सुश्री किरण आंजना, डॉ.रश्मि श्रीवास्तव, सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में खोर के बलराम जाट, भाटखेड़ी के दुर्गेश राव, नीमच सिटी के बलवंतसिह यादव, कुकड़ेश्वर केमनोहरदास, अरनिया बोराना केगोर्वधन लाल, लुम्ड़ी की उर्मिला, बांगरेड के लक्ष्मण, नलखेड़ा के जगदीश शर्मा, भदाना की सलीम बेगम, सिंगोली के ओमप्रकाश ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह बघाना के विष्णु कुमार, कुचड़ोद की रूकमणबाई, दुदरसी की सागरबाई, मनासा के लखनसिह, ग्वालटोली नीमच की रूकमणीबाई, नाका नं.4 नीमच के मुन्ना खां, बागपिपल्या की संगीता, लेवड़ा के जसवंतसिह आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 49 | 2000 | 2321 |
| उड़द | 2 | 3500 | 5600 |
| सोयाबीन | 4400 | 3800 | 4354 |
| गैहु | 6345 | 2429 | 2900 |
| चना | 207 | 5000 | 5600 |
| मसुर | 76 | 6400 | 6692 |
| धनिया | 37 | 5200 | 6981 |
| लहसुन | 16000 | 2750 | 8500 |
| मैथी | 512 | 3752 | 6003 |
| मुंगफली | 675 | 4411 | 5350 |
| अलसी | 1188 | 6901 | 7351 |
| सरसो | 265 | 6252 | 6861 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 23 | 7000 | 11200 |
| प्याज | 5200 | 352 | 1240 |
| कलोंजी | 5 | 17420 | 19280 |
| तुलसी बीज | 10 | 11180 | 14400 |
| डॉलर | 45 | 6300 | 8290 |
| तिल्ली | 278 | 6500 | 9001 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 0000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 23 | 6406 | 6441 |
| मूंग | 4 | 5751 | 6157 |

# जिपं अध्यक्ष और विधायक के गृहक्षेत्र में पेयजल के लिए तरस रहे 500 कंठ

**✻ 15 सालों से सड़क, बिजली, पानी की मूलभूत सुविधाओं से वंचित है रहवासी ✻ सरपंच ने हाथ खड़े किए, बोला-यहां नहीं होगा कुछ भी काम**



**सुवासरा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वैसे तो सुवासरा क्षेत्र ने जिले को दो जनप्रतिनिधि दिए है। इन्हें जनप्रतिनिधि बनाने में क्षेत्र की जनता ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। ओर जनता के वोटो से ही ये जनप्रतिनिधि जिले सहित प्रदेश में अपनी पहचान बनाए है। लेकिन सुवासरा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह डंग और जिला पंचायत अध्यक्ष मंदसौर दुर्गा विजय पाटीदार के गृहक्षेत्र में है ही करीब 500 रहवासियों के कंठ पेयजल के लिए पिछले कई सालों से तरस रहे है। हम बात कर रहे है ग्राम पंचायत गुराडिया प्रताप के वार्ड नंबर 10 के रहवासियों की। जो अब तक अपनी मूलभूत सुविधाओं से ही वंचित है। वहीं ग्राम पंचायत के सरपंच ने तो सीधे तौर पर हाथ खड़े कर दिए कि यहां कोई काम नहीं होगा।

**लाख जतन किए कि मिले सुविधाएं, लेकिन जनप्रतिनिधि वोट लेने के बाद झांके भी नहीं-** असुविधाओं से भरा यह रहवासी क्षेत्र विधायक डंग के गृह क्षेत्र से मात्र डेढ़ किमी की दूरी पर स्थित है। वहीं ग्राम पंचायत गुराडिया प्रताप जिला पंचायत अध्यक्ष पाटीदार का गृह ग्राम ही है। यहां के रहवासी लंबे से अपनी मूलभूत सुविधाओं सड़क, बिजली (स्ट्रीट लाइट), पेयजल आदि के अभाव में लंबे समय से अपना जीवन यापन कर रहे है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर अब तक सौतेला व्यवहार होता आ रहा है। जनप्रतिनिधि भी चुनाव के दौरान सिर्फ वोट मांगने पहुंचते है। इसके बाद ना तो वे अपना मुंह दिखाते है। और ना ही रहवासियों की समस्याओं को हल करने की जेहमत उठाते है। नतीजन आज भी मूलभूत सुविधाएं इन रहवासियों से कोसों दूर है। लाख जतन करने के बाद भी इन्हें अब तक मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

**तीन बार के विधायक ने नहीं ली अब तक सुध, प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान-** सुवासरा विधानसभा के विधायक डंग लगातार तीन बार से इसी विधानसभा के विधायक है। एक बार मंत्री भी रह चुके है। विधायक जो कुछ दिया इस क्षेत्र ने ही दिया है। लेकिन यहां के ही रहवासी पीने के पानी तक के लिए तरस रहे है। रहवासी क्षेत्र की वार्ड मेंबर ललिता पाटीदार सहित मंजू पाटीदार, संपत सोमवती, जशोदा पाटीदार, सुमित्रा उदिया, राधा उदिया, ललिता पाटीदार, पदमा खारोल, सूरज करंजिया, लीला टेलर, श्यामू राठौर, सीमा राठौर, रौना कुंवर, शिवा कुंवर, वर्षा सेन,सोना तंवर, रीना कुंवर, किमी चौधरी, आरती शर्मा आदि ने बताया कि यहां पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ता है। बाजार से टेकर से पानी खरीदना पड़ता है। वहीं पूरे रहवासी क्षेत्र में गड्ढे ही गड्ढे हो रहे है। जिसके कारण आए दिन बच्चे दुर्घटना का शिकार होते है। साथ ही स्ट्रीट लाइट के अभाव में शाम के बाद पूरा एरिया अंधेरे से पट जाता है। जिसके कारण भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। हमने जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशानिक अधिकारियों को भी कई बार आवेदन और ज्ञापन केमाध्यम से अवगत कराया लेकिन कोई इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

**इनका कहना...**

जल जीवन मिशन के अंतर्गत इस वार्ड में पाइप लाइन जल्द ही डाल दी जाएगी इसको लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा हो गई है और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधितो से चर्चा कर जल्दी ही निराकरण करवाएंगे।

**हरदीपसिंह डंग, विधायक सुवासरा**

ग्राम पंचायत गुराड्या प्रताप केवार्ड 10 के रहवासियों को पानी की जो समस्या आ रही है उसका जल्दी निराकरण हो जाएगा इसको लेकर हमने हिश विभाग से चर्चा कर ली हैं जल्द ही इनके पानी की व्यवस्था हो जाएगी अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर हम सरपंच से चर्चा करके जल्द ही इसका निराकरण करवाएंगे।

**श्रीमती दुर्गा डॉक्टर विजय पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष मंदसौर**

वार्ड 10 में रह रहे लोगों को ग्राम पंचायत की ओर से कोई सुविधा नहीं दी जाएगी और मूलभूत सुविधाओं को लेकर ना ही कोई ठहराव प्रस्ताव ग्राम पंचायत द्वारा बनाया जाएगा क्योंकि इन लोगों ने प्राइवेट व्यक्तियों से खेतों में अलग-अलग प्लाट खरीदे हैं।

**सुभाष पाटीदार सरपंच ग्राम पंचायत गुराडिया प्रताप**

इसका सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसके अनुमोदन की प्रक्रिया प्रचलित है। अनुमोदन के पश्चात समूह जलप्रदाय योजना के द्वारा पेयजल प्रदाय होने से पूर्व लाइन बिछाकर पेयजल प्रदाय किया जाएगा।

**सुयोग कुमार बादल उपप्रबंधक जल निगम**



# कलेक्टर, एडीएम एवं सीईओ ने जनसुनवाई में 89 मामलों को सुना

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 89 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के अमलावद निवासी आवेदक राजेश एवं दिनेश ने खेत का रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को निर्देश रास्ता खुलवाने की कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के किशोरपुरा की रामकन्याबाई ने खेत पर कब्जे के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार सुवासरा को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के सनावदा निवासी आवेदक गोविंदसिंह ने भूमि सिमांकन संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के भैसोदामंडी निवासी आवेदक दिनेश कुमार ने निजी भुमी पर खनन के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान मकान हेतु प्लॉट आवंटन, बीमा राशी का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधी, पेंशन प्रकरण, पीएम आवास योजना में घर बनवाने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

# मारपीट करने वाले 04 आरोपियों को 01-01 माह का सश्रम कारावास

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती अंकिता गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच द्वारा खेत जाने के रास्ते के विवाद के कारण दो आहतगण से मारपीट करने वाले 04 आरोपीगण (1) मथुरालाल पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-45 वर्ष, (2) गोपाल पिता किशनलाल अहीर, उम्र-59 वर्ष, (3) परसराम पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-36 वर्ष तथा (4) शिवलाल पिता भैरूलाल अहीर, उम्र-36 वर्ष, चारो निवासी ग्राम-ढोलपुरा, जिला नीमच धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 01-01 माह के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री चन्द्रकांत नाफड़े द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व दिनांक 24.10.2019 की दोपहर के लगभग 02 बजे ग्राम ढोलपुरा स्थित फरियादी के खेत जाने वाले रास्ते की हैं। आहतगण शंकरलाल व शंभूलाल का आरोपीगण से खेत जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर घटना दिनांक को तहसीलदार के आदेश से पटवारी मौका देखने खेत पर आए थे तो आरोपीगण विवाद करने लगे, जिस कारण पटवारी वहा से चले गये थे, जिसके बाद आरोपीगण ने दोनो आहतगण के साथ लकड़ी व लात-घूंसो से मारपीट की। मौके पर शंकरलाल, नारायण, गौतमलाल व रतनलाल ने बीच-बचाव किया। फरियादी शंकरलाल की रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध पंजीबद्ध किया गया व दोनो आहतगण का मेडिकल किये जाने के बाद आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में दोनो आहतगण सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया एवं जुर्माने की सम्पूर्ण राशि को आहतगण को प्रतिकर के रूप में प्रदान किये जाने का आदेश भी दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री चन्द्रकांत नाफड़े, एडीपीओ द्वारा की गई।

# स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए आज से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

**एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी, 18 जुलाई तक होंगे पंजीयन**

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुन: रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

**एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी-** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय ) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। विद्यार्थी 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

## जिले में अब तक 243.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 243.9मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 8.3मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 2.0 मि.मी., सीतामऊमें 0 मि.मी., सुवासरा में 3.0मि.मी., गरोठ में 17.2 मि.मी., भानपुरा में 34.2मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड़का में0 मि.मी., शामगढ़ में 12.6मि.मी., संजीत में 0मि.मी., कयामपुर में 5.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 18.0मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 352.0 मि.मी., सीतामऊ में 175.4 मि.मी. सुवासरा में 154.6 मि.मी., गरोठ में 202.2 मि.मी., भानपुरा में 487.2 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 114.0मि.मी., धुधंड़का में 222.0 मि.मी., शामगढ़ में 261.6 मि.मी., संजीत में 206.0 मि.मी., कयामपुर में 134.9 मि.मी. एवं भावगढ़ में 373.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1289.60 फीट है।

# मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड अभियान को लेकर मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष ने किया जिले में दौरा

**सिंगोली/मनासा, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई नीमच द्वारा प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई को प्रदेश के मुखिया डाक्टर मोहन यादव को मुरैना महाअधिवेशन में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा दिए गए 6 सुत्रीय मांगो के ज्ञापन पर उनके द्वारा दिए गए आश्वासन को याद दिलाने के लिए पुरे प्रदेश में पोस्ट कार्ड अभियान चलाया गया है ओर पोस्ट कार्ड अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्मरण कराने का प्रयास किया है।**

इस क्रम में मंगलवार को जिलाध्यक्ष प्रदीप जेन ने पूरे जिले में भ्रमण करके पत्रकार साथियों से पोस्ट कार्ड अभियान के तहत पोस्टकार्ड लिखवाएं स्मरण रहे की मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 26 मार्च को मुरैना में श्रम जीवी पत्रकार संघ के महाधिवेशन में पत्रकार हितों को लेकर 6 सूत्रीय मांगों को शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया था जिसमें प्रमुख रूप से पत्रकार सुरक्षा कानून ,मालवीय नगर भोपाल में पत्रकार भवन को वापस देने,,श्रद्धा निधि में अधिमान्यता की शर्त हटाने,जिला मुख्यालय पर पत्रकार भवन के लिए जमीन उपलब्ध करवाने ओर टोल नाके पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड से रियायत देने , तथा पत्रकार बीमा योजना को उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार निशुल्क करने जैसी मांगे थी। महाअधिवेशन को हुए तीन माह बीत जाने के बाद भी धरातल पर कुछ नहीं हुआ हे इसको लेकर के पत्रकार साथियों में नाराजगी हे ओर पूरे प्रदेश में पोस्टकार्ड अभियान चलाया जाकर प्रदेश के मुखिया को स्मरण कराने की वे उनके आश्वासन को शीघ्र पूरा करे इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष प्रदीप जेन ने दिनांक 15 जुलाई को रतनगढ ,डीकेन,रामपुरा , कुकडेश्वर,मनासा, जीरन,नीमच , जावद,मोरवन ,दड़ौली सहित अन्य गांवों का दौरा करके मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड के बारे में सभी जगह बताया ओर साथियों द्वारा पोस्टकार्ड लिखवाकर के मुख्यमंत्री को स्मरण कराने का प्रयास किया हे। इस अभियान के तहत जिलाध्यक्ष के दौरे में मुकेश माहेश्वरी,कौशल व्यास ,मोइनुद्दीन मंसूरी ,अशोक व्यास साथ थे।


**NAME CHANGE**

I QASIM resident of 304 Mufaddal township Mandsaur m.p. 458001 are changing my name from QASIM to QASIM KAGDI.

Sincerely
QASIM KAGDI S/O GULAM HUSSAIN
K AGDI 304 MUFA D DAL TOWNSHIP
M A N D S AUR M.P. 458001




# बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं पूर्ण सहयोग करें-कलेक्टर

**जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की बैठक संपन्न**

**मंदसौर, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि बालक बालिकाओं के आश्रय ग्रहों से बच्चों को लीगल तरीके से फ्री करने में संस्थाएं पूर्ण सपोर्ट करें। कानूनी प्रक्रिया में संस्था के द्वारा बाधा उत्पन्न करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री बिश्नोई, बालिका गृह, आश्रय ग्रह के कर्मचारी मौजूद थे।

**किशोर न्याय बोर्ड से जारी वारंट और नोटिस की शत प्रतिशत तामिली की जाए-** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किशोर न्याय बोर्ड से जारी होने वाले सभी वारंट एवं नोटिस की तामिली शत प्रतिशत करने के प्रयास करें। बाल कल्याण समिति को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर सभी संस्थाओं, आश्रय ग्रहों का निरीक्षण करें। आश्रय गृह में निवासरत बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करें। मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों का विशेष ध्यान रखें। संस्थानों में काउंसलर एवं डॉक्टर की विजिट समय पर हो, इसके लिए काउंसलर और डॉक्टर की ड्यूटी का रोस्टर जारी करें। आश्रय ग्रह में निवासरत बच्चों के आधार, समग्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र इत्यादि प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से शिविर आयोजित किया जाए तथा सभी समस्याओं का एक ही दिन में समाधान करें। थानों में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें। महिला एवं बाल विकास विभाग आगामी 1 सप्ताह में प्रशिक्षण की समस्त कार्यवाही पूर्ण करें। पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत जितने भी बच्चे जो इस योजना का लाभ ले रहे हैं, उनके खाते में समय पर भुगतान हो रहा या नहीं हो रहा है, समय-समय पर चेक करें।

## थड़ोद आयुष शिविर में 65 रोगियों को किया लाभांवित

**नीमच, 15 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला आयुष अधिकारी डॉ आशीष बोरना के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर थडोद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात संधिवात चर्मरोग विबन्ध श्वास कास प्रतिश्याय रक्ताल्पता अर्श उच्च रक्तचाप मधुमेह अग्निमांद्य आदि के 65 रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में उच्च रक्तचाप मधुमेह एवं रक्ताल्पता की जांच निशुल्क की गई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में वर्षा ऋतु में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में बताया और कृषकों को औषधीय पौधों की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

## मल्हारगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार...

पेज 1 से जारी

पेश करते हुए सलोनी के लिए पांच लाख की जमानत का जमानतदार बना। दोनों ने मिलकर यह षड्यंत्र रचा। डाबी पहले भी कई लोगों की जमानत के लिए ऐसे कागज पेश कर चुका है। नीरज ने अपनी शिकायत में कोर्ट के सभी आदेश व अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। इसकी जांच की गई जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया है। इस आत्महत्या, ब्लैकमेलिंग केस में सलोनी पर जुलाई 2018 में पहले ही आईपीसी धारा 386, 503, 306, 465, 467, 468, 469, 471, 201, 204, 389, आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज है, जो न्यायाधीश हेमंत रघुवंशी की कोर्ट में चल रहा है। इसी केस में जमानत के लिए सलोनी ने केदार डाबी के साथ मिलकर फर्जी कागज से जमानत हासिल की। 14 जुलाई 2018 की रात को कल्पेश याग्निक ने दैनिक भास्कर एबी रोड इंदौर की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में सामने आया था कि भास्कर में रह चुकी पत्रकार सलोनी अरोरा ने उन्हें ब्लैकमेल किया था। इसके बाद पुलिस ने सलोनी पर गंभीर धाराओं में केस किया और गिरफ्तारी ली थी, बाद में यह जमानत हुई थी। नीरज याग्निक ने शिकायत में यह भी बताया कि केदार डाबी पर जमानतदार होने के नाते जिम्मेदार थी कि वह सलोनी को सुनवाई में पेश करवाए लेकिन केवल जनवरी 2024 में जमानत के दिन आने के सिवा सलोनी कोर्ट में पेश नहीं हुई। नीरज याग्निक ने इस मामले में कहा कि सलोनी तीन साल से कोर्ट में पेश नहीं हुई और केवल एक ही बार जनवरी 2024 में वह जमानत लेने के दौरान कोर्ट में आई। यह पूरा कोर्ट के साथ ही फर्जीवाड़ा किया गया है, इसमें सलोनी के साथ ही केदार डाबी और मधु श्रीवास्तव की संलिप्तता साफ दिख रही है। उद्देश्य यह लग रहा है कि यदि वह केस हारती तो देश छोड़कर कहीं भाग जाती, क्योंकि फर्जी जमानत है, उसका क्या बिगड़ना था। यह पीड़ित के साथ ही कोर्ट के साथ पूरा फर्जीवाड़ा है और यह बताता है कि यह अपराधी कितने शातिर है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग मंदसौर (म.प्र.)

महू-नीमच रोड, यशोधर्मन थाने के सामने, मंदसौर, जिला-मंदसौर (म.प्र.) पिन कोड-458001

E-mail-eepwdmandsaur0@gmail.com Ph-07422-255211

एन.आई.टी. क्रमांक 05/2025-26 | मंदसौर दिनांक-14.07.2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखीत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB _436940 | मंदसौर | Building work | उप-संभाग मंदसौर के अंतर्गत मंदसौर में शासकीय भवन (विश्राम गृह मल्हारगढ नारायणगढ़, पिपलिया मंडी) के लिए एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट कार्य | First | रु.19.96 |
| 2 | 2025_PWDRB _436941 | मंदसौर | Building work | उप-संभाग मंदसौर के अंतर्गत मंदसौर में शासकीय भवन (पी.डब्ल्यू.डी. क्वार्टर मंदसौर) के लिए एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य और जमा राशि का कार्य | First | रु.19.90 |
| 3 | 2025_PWDRB _436942 | मंदसौर | Building work | उप-संभाग मंदसौर के अंतर्गत मंदसौर खंड में शासकीय भवन और अन्य के लिए एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य | First | रु.19.90 |
| 4 | 2025_PWDRB _436943 | मंदसौर | Building work | उप-संभाग मंदसौर के अंतर्गत मल्हारगढ खंड में शासकीय भवन और अन्य के लिए एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य | First | रु.19.90 |
| 5 | 2025_PWDRB _436944 | मंदसौर | Building work | उप-संभाग मंदसौर के अंतर्गत मंदसौर में शासकीय भवन (सर्किट हाउस और विश्राम गृह मंदसौर) के लिए एआर एसआर एम ओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य संभाग मंदसौर | First | रु.19.95 |
| 6 | 2025_PWDRB _436945 | मंदसौर | Building work | उप संभाग गरोठ के अंतर्गत अनुभाग गरोठ और भानपुरा के शासकीय भवन (लोक निर्माण विभाग कर्मचारी क्वार्टर) और अन्य भवन (कार्यालय एवं विश्राम गृह) के लिए एआर एसआर एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य | First | रु.19.90 |
| 7 | 2025_PWDRB _436946 | मंदसौर | Building work | उप संभाग गरोठ के अंतर्गत अनुभाग शामगढ और सुवासरा के शासकीय भवन (लोक निर्माण विभाग कर्मचारी क्वार्टर) और अन्य भवन (कार्यालय एवं विश्राम गृह) के लिए एआर एसआर एआर एसआर एमओडब्ल्यू एवं डिपोजिट का कार्य | First | रु.19.90 |
| | | | | Total | | रु.139.41 |

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र ( mptenders.gov.in ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 28.07.2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

(EMD only RTGS/NEFT)

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग, मंदसौर

G-15663/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन) लोक निर्माण विभाग, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई मेल-apdpiuindore@gmail.com फेक्स- 0731-4989768

क्रं. एफ-3/सामान्य/निविदा प्रकाशन/मु.अ.(भवन), इंदौर/2025/एनआईटी-11/2038 इंदौर दिनांक-14.07.2025

### विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-11/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इंदौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. म.प्र.द्वारा दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Dates) अनुसार के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http.//mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्रं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानत राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय(माह में वर्षा काल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU _436546_1 | लोक निर्माण विभाग (भवन) बुरहानपुर के अंतर्गत छूटे हुए, मरम्मत मायनर एवं परफारमेंस ग्यारंटी के तहत विभिन्न भवनों का निर्माण/उन्नयन कार्य। | बुरहानपुर | 100.00 | 1,00,000 | 10,000 | 12 |
| 2 | 2025_PWPIU _431761_1 | मराठी प्राथमिक विद्यालय बारोली एवं दापोरा तथा मराठी माध्यमिक विद्यालय अडगांव जिला बुरहानपुर में भवन का निर्माण कार्य। | बुरहानपुर | 110.91 | 1,10,910 | 12,500 | 12 |
| 3 | 2025_PWPIU _436537_1 | मुल्लापुरा उज्जैन में नवीन शासकीय विश्राम भवन का निर्माण कार्य। | उज्जैन | 3926.17 | 19,63,085 | 50,000 | 18 |
| 4 | 2025_PWPIU _436460_1 | ज्ञानपुरा जिला धार में शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | धार | 126.24 | 1,26,240 | 12,500 | 8 |
| 5 | 2025_PWPIU _435905_1 | आंतरिक एवं बाह्य विद्युतिकरण कार्य जिला मंदसौर एवं नीमच का निर्माण कार्य | मंदसौर | 150.00 | 1,50,000 | 12,500 | 12 |
| 6 | 2025_PWPIU _435842_1 | शासकीय माध्यमिक शाला भवन धारडी जिला नीमच का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | मंदसौर | 41.13 | 41,130 | 5,000 | 6 |
| 7 | 2025_PWPIU _435883_1 | शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन नीमच में 03 लेब एवं 04 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | मंदसौर | 97.99 | 97,990 | 10,000 | 8 |
| 8 | 2025_PWPIU _436232_1 | संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन रतलाम ग्रामीण का निर्माण कार्य | रतलाम | 859.07 | 8,59,100 | 20,000 | 18 |

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) -
1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - 10.07.2025 | 2. बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - 11.07.2025
3. बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 25.07.2025 | 4. बिड खोलने की तिथि - 28.07.2025

मुख्य अभियंता (भवन)
लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र इंदौर (म.प्र.)

G-15660/25

यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in